RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 20 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 58 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## ठाकरे और उनकी शिवसेना पर महाराष्ट्र सरकार कसेगी शिकंजा

# महानगरपालिका घोटाले की जांच करेगी एसआईटी

महाराष्ट्र : उद्धव ठाकरे और उनकी शिवसेना की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। अब सरकार ने ज्वाइंट सीपी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन किया है जो मुंबई महानगरपालिका में हुए भ्रष्टाचार की जांच करेगी। मुंबई महानगरपालिका में हुए घोटाले की जांच के लिए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आदेश जारी किया है। बता दें कि उद्धव ठाकरे और उनकी शिवसेना पर नवंबर 2019 से अक्टूबर 2022 के बीच कई प्रोजेक्ट्स में 12 हजार 24 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है। यह खुलासा कैग की रिपोर्ट में हुआ था।



**शिवसेना यूबीटी का राज्यव्यापी शिविर**

एक तरफ जहां महाराष्ट्र सरकार मुंबई महानगरपालिका मामले में जांच के लिए एसआईटी टीम का गठन कर ही है। वहीं दूसरी तरफ मनीषा कायंदे ने उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ दिया। इस बीच उद्धव ठाकरे की शिवसेना राज्यव्यापी पदाधिकारी शिविर का आयोजन करने वाली है। ये आयोजन रविवार को सुबह वर्ली में 10 बजे से शुरू किया जाएगा जो शामल 5 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे राज्यभर से आए पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करेंगे। मनीषा कायंदे के पार्टी छोड़ने को लेकर संजय राउत ने कहा है कि कुछ लोग स्वार्थ के लिए पार्टी में शामिल होते हैं और छोड़ देते हैं।

### महानगरपालिका घोटाले की होगी जांच!

**कैग रिपोर्ट में घोटाले का खुलासा होने के बाद भाजपा विधायक अमित साटम ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को खत लिखकर मामले में जांच की मांग की थी। बता दें कि इस एसआईटी टीम में मुंबई पुलिस कमिश्नर सहित ईओडब्ल्यू के ज्वाइंट कमिश्नर व अन्य अधिकारी भी रहेंगे। बता दें कि बीते कल महाराष्ट्र विधान परिषद की सदस्य मनीषा कायंदे ने उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ दिया। उन्होंने कल शाम शिवसेना का दाम थाम लिया और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना की सदस्यता ली।**

## मुंबई पुलिस ने मनोज मुंतशिर को सुरक्षा देने का फैसला किया



**मुंबई :** हालिया प्रदर्शित फिल्म 'आदिपुरुष' के संवाद लेखक मनोज शुक्ला मुंतशिर द्वारा अपनी जान को खतरा बताए जाने के बाद मुंबई पुलिस ने उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, ''हमें मनोज शुक्ला से एक आवेदन मिला है और उनकी जान को खतरा होने के बाद हम उन्हें सुरक्षा प्रदान करने पर विचार कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि पुलिस खतरे को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इस महीने की 16 तारीख को प्रदर्शित हुई इस बहुभाषी फिल्म के संवाद और भगवान राम एवं भगवान हनुमान सहित अन्य चरित्रों के चित्रण को लेकर तीखी आलोचना की जा रही है।

# ऑटो में झगड़े के बाद गला काटकर गर्लफ्रेंड की हत्या...!

### खुद पर भी किया वार

**मुंबई :** मुंबई से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां एक युवक पर चलती ऑटो रिक्शा के अंदर अपनी गर्लफ्रेंड की गला रेत कर हत्या करने का आरोप लगा है. आरोपी ने हत्या को अंजाम देने के बाद फिर इसी धारदार हथियार से खुद को भी घायल कर लिया. ये घटना मुंबई के साकीनाका इलाके में सोमवार (19 जून) को सामने आई है. आरोपी का नाम दीपक बोरसे है. ऐसा बताया जा रहा कि लड़का और लड़की लिव इन रिलेशन में थे. साकीनाका थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना दत्त नगर के खैरानी रोड पर हुई. दीपक बोरसे ने चलते ऑटो रिक्शा में लड़की का गला रेत दिया. उसने बचने के लिए गाड़ी से उतरने की कोशिश की, लेकिन वह थोड़ी दूरी पर जाकर गिर पड़ी.



**आरोपी ने खुद भी जान देने की कोशिश की**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बोरसे ने इसी धारदार हथियार से अपना गला काटकर अपनी जान देने की भी कोशिश की. जिसमें वो घायल हो गया. अधिकारी ने बताया कि राहगीरों ने पुलिस को इस बारे में सूचित किया. दोनों को पास के अस्पताल ले जाया गया जहां लड़की को मृत घोषित कर दिया गया. आरोपी का उपचार किया गया. उसे घाटकोपर स्थित राजावाड़ी सरकारी अस्पताल में शिफ्ट किया गया है.

### ऑटो रिक्शा में हुआ था झगड़ा...

**उन्होंने बताया कि मृत लड़की का नाम पंचशीला अशोक जामदार (30) है जो कि संघर्ष नगर चांदीवाली की रहने वाली थी. लड़की और आरोपी एक-दूसरे को जानते थे और ऑटो रिक्शा में किसी बात को लेकर हुए झगड़े की वजह से यह घटना हुई. पुलिस अधिकारी ने बताया कि बोरसे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है.**

# मुंबई के अक्सा बीच पर टला बड़ा हादसा!

## 19 लोगों को समुंदर में डूबने से बचाया गया



**मुंबई :** मुंबई के समुंदर में एक बड़ी घटना होते-होते टल गई। दरअसल, मलाड वेस्ट के अक्सा बीच पर 19 लोगों को डूबने से बचाया गया। यह घटना रविवार (18 जून) शाम की है। सभी बचाए गए लोग मुंबई के ही रहने वाले हैं और सुरक्षित है।

**लाइफगार्ड्स ने पुलिस से बीच बंद रखने का किया था अनुरोध**

लाइफगार्ड्स के मुताबिक रविवार को समुद्र अशांत था। मुंबई में अन्य समुद्र तटों को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया था। लाइफगार्ड्स ने सुबह से पुलिस से अक्सा बीच को बंद करने का अनुरोध किया था लेकिन पुलिस ने बीच को खुला ही रखा। लाइफगार्ड्स ने बताया कि पुलिस ने जवाब दिया कि हमारे पास समुद्र तट को पर्यटकों के लिए खुला रखने का ऊपर से आदेश है। अक्सा बीच पर लाइफगार्ड्स ने दोपहर 3 बजे तक सैलानियों को समुद्र में घुसने नहीं दिया लेकिन दोपहर 3 बजे के बाद यहां पर्यटकों की भीड़ बढ़ने लगी। स्थिति हाथ से निकलने लगी। शाम 4 से 7 बजे के बीच यहां के सात लाइफगार्ड्स द्वारा समुंदर में डूब रहे 19 पर्यटकों को बचाया गया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# समान संहिता का प्रश्न

निस्संदेह, भारत विविधताओं का देश है। विश्वास, संस्कृति व परंपराओं की विविधता उसके मूल में रही है। गाहे-बगाहे देश में समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठता रहा है। इस मुद्दे को लेकर राजनीति भी जमकर होती रही है। भाजपा के एजेंडे में शामिल मुद्दे को कांग्रेस समेत कई दल ध्रुवीकरण की कोशिशों के रूप में देखते रहे हैं। विधि आयोग की हालिया पहल ने इस मुद्दे को फिर चर्चा में ला दिया है। आयोग ने देश के हर नागरिक को इस बाबत अपने विचार प्रस्तुत करने का अधिकार दिया है। उल्लेखनीय है कि भारत का संविधान तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान भी समान नागरिक संहिता का मुद्दा खासी चर्चा में रहा था। तब भरोसा जताया गया था कि इस लोकतांत्रिक देश में कालांतर में समान नागरिक संहिता लागू करने को मूर्त रूप देने का अवसर आएगा। दरअसल, तब संविधान सभा के कई दिग्गज इसके पक्ष में थे, लेकिन भारतीय समाज की जटिलता और तत्कालीन संवेदनशील स्थिति के चलते इस पर निर्णायक फैसला नहीं हो सका था। बाद में स्वतंत्र भारत में कई बार संसद व विधानसभाओं में इस मुद्दे पर खूब चर्चा होती रही। अब इसी कड़ी में व्यापक आधार रखने वाले धार्मिक संगठनों की इस मुद्दे पर राय मांगी गई है। दरअसल, इस जटिल विषय पर समान संहिता बनाना ही अंतिम हल नहीं है, उसका क्रियान्यवन भी उतना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अलग-अलग धार्मिक समूहों को साथ लेकर आगे बढ़ना आसान भी नहीं होगा। फिर अगले साल होने वाले आम चुनाव व इस साल के अंत तक कई महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इस मामले के सरगर्म रहने के आसार हैं।

दरअसल, सवाल विधि आयोग द्वारा इस जटिल मुद्दे पर सार्वजनिक विमर्श को लेकर सिर्फ तीस दिन के समय को लेकर भी है। कुछ लोगों का मानना है कि सारे देश में व्यापक विमर्श के बाद ही इस संवेदनशील मुद्दे पर आगे बात की जानी चाहिए। वैसे विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल इस मुद्दे को ध्रुवीकरण के हथियार के रूप में प्रयोग कर सकता है। इस कयास की एक वजह यह है कि भाजपा के दो प्रमुख एजेंडे- राम मंदिर व अनुच्छेद 370 को हटाने के लक्ष्य हासिल किये जा चुके हैं। वहीं देश में यह बहस पुरानी है कि व्यक्तिगत कानून में व्याप्त विसंगतियों को दूर करके एक देश, एक कानून की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जाये। लेकिन धार्मिक रूढ़ियों व राजनीतिक कारणों से ये लक्ष्य पाने संभव न हुए। वैसे किसी भी सभ्य समाज व लोकतांत्रिक देश में सभी नागरिकों के लिये समान कानून के प्रावधान एक आदर्श स्थिति होती है। लेकिन भारतीय समाज की कई तरह की जटिलताएं इसके मार्ग में बाधक बनी रही हैं। निस्संदेह, देश की एकता व सद्भाव का वातावरण भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी सभ्य समाज में कानून का निर्धारण धार्मिक आधार के बजाय तार्किक व समय की जरूरत के हिसाब से ही होना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि समाज में बहुमत व अल्पमतों के हितों की रक्षा की जानी चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# म्हाडा लॉटरी से नेताओं, सरकारी कर्मियों का आरक्षण होगा खत्म...!

## महाराष्ट्र के लोगों के लिए खुशखबरी...11 प्रतिशत घर आम आदमी के कोटे में आएंगे

**मुंबईः** महाराष्ट्र गृहनिर्माण व क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) ने लॉटरी प्रक्रिया में से लोकप्रतिनिधि, राज्य सरकार, केंद्र सरकार और म्हाडा कर्मियों का कोटा रद्द करने का निर्णय लिया है। म्हाडा ने अपने इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए राज्य सरकार के पास भेज दिया है। लॉटरी प्रक्रिया में नेताओं, म्हाडा व सरकारी कर्मचारियों के लिए करीब 11 प्रतिशत घर आरक्षित होता है। म्हाडा ने अब यह कोटा रद्द कर




उसे अत्याचार पीड़ित महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, तृतीय पंथियों, असंगठित वर्ग के मजदूरों के लिए आरक्षित करने का फैसला किया है। फिलहाल म्हाडा की लॉटरी प्रक्रिया के तहत म्हाडा कर्मी, लोक प्रतिनिधि और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए अत्यल्प वर्ग में 2-2 प्रतिशत घर आरक्षित है, जबकि राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए अत्यल्प वर्ग में 5 प्रतिशत घर आरक्षित है।

### क्यों पड़ी जरूरत

लॉटरी में लोकप्रतिनिधि, राज्य सरकार, केंद्र सरकार और म्हाडा कर्मियों के लिए अत्यल्प वर्ग में छोटे घर आरक्षित रखे गए हैं, जबकि इन सबकी आमदनी अत्यल्प वर्ग से अधिक होती है। छोटा घर और कमाई अधिक होने के कारण इस वर्ग के लोग लॉटरी में आरक्षित घरों के लिए आवेदन नहीं कर रहे हैं। नतीजतन लॉटरी के करीब 11 फीसदी घर खाली ही रह जाते हैं। अब इनके कोटे के घरों को जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उनके घरों का सपना पूरा हो पाए।

### म्हाडा लॉटरी में क्या बदलेगा

म्हाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, लॉटरी में जन प्रतिनिधियों के लिए आरक्षित 11 प्रतिशत का मौजूदा कोटा रद्द करने की सरकारी मंजूरी मिलने के बाद इसका लाभ अन्य वर्ग के लोगों को दिया जाएगा। इसके तहत अत्याचार पीड़ित महिलाओं को 4 फीसदी, वरिष्ठ नागरिकों को 2 फीसदी, तृतीय पंथियों को 1 प्रतिशत और असंगठित वर्ग के मजदूरों को करीब 4 फीसदी आरक्षण देने का विचार चल रहा है। साथ ही अन्य आरक्षण वर्ग में भी कम आवेदन आने पर उसमें बदलाव हो सकता है।

### 2014 में बनी थी रिपोर्ट

बता दें कि लॉटरी के नियमों में सुधार करने के लिए वर्ष 2012-13 में एक समिति का गठन किया गया था। वर्ष 2014 में समिति ने अपने सुझाव म्हाडा को दिए थे। हालांकि वर्ष 2022 तक समिति की रिपोर्ट की अनदेखी की गई। इस साल, यानी वर्ष 2023 में इस रिपोर्ट में दिए गए सुझाव पर विचार शुरू हो गया है। म्हाडा लॉटरी प्रक्रिया में पुराने नियमों के कारण जरूरतमंदों को किफायती दाम पर घर उपलब्ध कराने में सरकार को कई तरह की परेशानी हो रही थी। अब इस दिक्कत को दूर किया जा रहा है।

# फर्जी पासपोर्ट व वीजा मामले में दो विदेशी गिरफ्तार...



**पालघर** : जिले के तुलिंज पुलिस स्टेशन में दो नाईजीरियन के खिलाफ फर्जी पासपोर्ट व वीजा मामले में कार्रवाई की है। इन दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत तुलिंज थाने में केस दर्ज किया है, साथ ही घर मालिक पर भी केस दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार एसीपी विनायक नरले के मार्गदर्शन में तुलिंज थाने के सीनियर पी. आई शैलेंद्र नगरकर के नेतृत्व में तुलिंज पुलिस ने कार्यवाही की है। मिली जानकारी के अनुसार,तुलिंज पुलिस स्टेशन की सीमा में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी गश्त कर रहे और विदेशियों के पासपोर्ट और वीजा की जांच पड़ताल करते समय ऋषभ आपरमेन्ट,प्रगति नगर,नालासोपारा पूर्व स्थित आरोपी क्रिश्चियन चुकवुदी ओनू (36) ने अपने पासपोर्ट नं. में तारीख बदलकर फर्जी पासपोर्ट और वीजा तैयार किया,उसके बाद आरोपी सैमसन सक्सेस अकोली (40) ने फर्जी पासपोर्ट जमा किया।

वही आरोपी (घर मालिक रूम नं.101) ने विदेशी नागरिकों को रूम को भाड़े पर देकर अवैध रूप से रहने की अनुमति दी,जबकि सी फार्म जैसी सूचनाओं को ऑनलाइन के साथ-साथ पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। लेकिन घर मलिक ने जानबूझकर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट नही कराई । तुलिंज पुलिस ने बताया कि,16 जून को, शिकायतकर्ता पुलिस हवालदार विक्रम पन्हालकर की शिकायत पर उपरोक्त दोनो आरोपी (नाईजीरियन) के ऊपर 420, 467, 468, 470, 474, साथ ही विदेश अधिनियम 1992 के नियम 14 (6), व मकान मालिक के खिलाफ भी विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। वही तुलिंज पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस निरीक्षक शैलेन्द्र नगरकर ने बताया कि दोनों नाईजीरियन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल,मामले की जांच पीएसआई ज्ञानेश्वर कोकाटे कर रहे है।

# कैसे करें ग्राहक अपने हक की मांग...




अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन नवनिर्वाचित प्रांतीय कार्यकारिणी को कार्य पद्धति से अवगत कराने के लिए किया गया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत भारत में ग्राहकों को उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों कानूनी ज्ञान एवं सामग्री में होने वाले लाभों को लेकर जागरूक करती है। यहां संगठन ग्राहकों को सामग्री बाजार से खरीदते समय किन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिससे उन्हें संपूर्ण लाभ मिल सके एवं खरीदी हुई सामग्री से हमारी सरकार को भी कोई नुकसान ना हो इन बातों से ग्राहक पंचायत उपभोक्ता को अवगत कराने का कार्य कर रही है।

साथ ही यदि किसी उपभोक्ता के साथ कोई भी तरीके का धोखाधड़ी फरेब विक्रेता द्वारा किया गया है तो उस फरेब की कानूनी कार्रवाई वहां उपभोक्ता किस तरह से कर सकता है एवं अपने हक की लड़ाई किस तरह से एक उपभोक्ता लड़ सकता है उसके बारे में भी यहां संगठन उपभोक्ता को अवगत कराता है एवं उनका सहयोग करता है। भोपाल में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत कार्यालय में प्रांत कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत ग्राहक गीत एवं मंत्र के साथ की गई। मुख्य वक्ता लोकेंद्र मिश्रा ने अपने उद्बोधन मैं बताया कि पहला मध्य भारत प्रांत का कार्यशाला भोपाल में आयोजित हुआ है इस संगठन की स्थापना 1974 के दशक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय प्रचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने की थी। संगठन का उद्देश ग्राहकों को जागरूक करने शोषण से बचाना है, निवेदिता चतुर्वेदी मैं अपने उद्बोधन में बताया कि संघ का उद्देश्य सिर्फ ग्राहक को जागरूक करना नहीं है बल्कि ग्राहक की जागरूकता से देश को क्या लाभ होगा और कैसे यहां देखना भी होता है क्योंकि जिस तरह की स्थिति श्रीलंका और पाकिस्तान में आज उपस्थित हो चुकी है .




# लड़कों जैसी फीलिंग्स, घर छोड़ने को हुआ मजबूर... अब हाई कोर्ट के दखल से मां-बाप ने ट्रांसजेंडर को अपनाया

**मुंबई:** बॉम्बे हाईकोर्ट आने के बाद एक ट्रांसजेंडर के माता-पिता अपनी संतान की सेक्सुअल आइडेंटिटी को स्वीकार करने के लिए तैयार हो गए हैं। अभिभावकों की अभद्रता और उत्पीड़न से परेशान होकर ट्रांसजेंडर घर छोड़ने के लिए मजबूर हुआ था। ट्रांसजेंडर ने पुलिस सुरक्षा व पढ़ाई के लिए जरूरी सहयोग की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। घरवालों की धमकियों व अत्याचार के चलते शेल्टर होम में शरण लेने के लिए विवश हुए ट्रांसजेंडर को अब उसके माता-पिता हर तरह का भावनात्मक व मानसिक सहयोग देने को राजी हो गए हैं।

**अस्वीकृति के डर से पहचान छुपाई**

लड़की के रूप में जन्मे ट्रांसजेंडर ने परिवार द्वारा अस्वीकृति के डर से अपनी लैंगिक पहचान को छुपाकर रखा था। उसने घरवालों को बताया कि वह खुद की लैंगिक पहचान पुरुष के रूप में देखती है। उसने समझाया कि उसका शरीर भले ही स्त्री का है, लेकिन उसका मन और अहसास पुरुष के जैसे हैं। यह सुनते ही उसके घरवालों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया।

**पढ़ाई के लिए मांगे दस्तावेज**



हालात इतने बिगड़ गए कि उसे घर से निकलना पड़ा। फिर घर में मौजूद अपनी चीजों को हासिल करने के लिए उसे कोर्ट में याचिका दायर करनी पड़ी। याचिका में ट्रांसजेंडर ने कोर्ट से आग्रह किया था कि उसके इलाके की स्थानिय पुलिस को यह आश्वस्त करने का निर्देश दिया जाए कि वह घर से शांति से अपनी चीजें व दस्तावेज ले जा सके, ताकि वह अपनी पढाई पूरी कर सके। भविष्य में वह अपनी शिक्षा जारी रख सके, इसके लिए राज्य के सामाजिक न्याय विभाग को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया जाए।

याचिका में शेल्टर होम के कर्मचारियों को सुरक्षा देने की भी मांग की गई थी। अपनी तरह के इस अनोखे मामले की पहली सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रेवती मोहिते ढेरे व न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ ने याचिकाकार्ता(ट्रांसजेंडर) के माता-पिता को नोटिस जारी किया। अगली तारीख पर खंडपीठ ने अपने चेंबर में इस मामले की सुनवाई की। खंडपीठ की बातों को सुनने के बाद माता-पिता अपनी संतान की लैंगिक पहचान को स्वीकार करने के लिए राजी हो गए। माता-पिता ने खंडपीठ को आश्वासन दिया कि वे अपनी संतान को अपार प्रेम व स्नेह देंगे। खंडपीठ ने पाया कि याचिका के प्रलंबित रहते याचिकाकर्ता ने 20 दिन अपने माता-पिता के साथ बिताए हैं। अब वह अपनी याचिका को जारी रखने का इच्छुक नहीं है। वह याचिका को वापस लेना चाहता है, बशर्ते भविष्य में जरूरत पड़ने पर पुलिस व सामाजिक न्याय विभाग से सहयोग मांग सके। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने भी याचिका वापस लेने का आग्रह किया। इसके बाद खंडपीठ ने याचिका को समाप्त कर दिया, लेकिन आवश्यक होने पर शेल्टर होम के कर्मचारी याचिकाकर्ता से मिलने के लिए उसके पास जा सकते हैं। इस तरह से हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अब ट्रांसजेंडर को घर में अपनी पहचान को लेकर स्वीकार्यता मिली गई है।

# महाराष्ट्र में औरंगजेब पर राजनीति गर्म

## फडणवीस बोले- राष्ट्रवादी मुसलमान नहीं मानते उसे अपना नेता

**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि भारत में कोई भी मुस्लिम औरंगजेब का वंशज नहीं है और देश में राष्ट्रवादी मुसलमान मुगल बादशाह को अपना नेता नहीं मानते. उन्होंने औरंगाबाद जिले में औरंगजेब के मकबरे पर जाने के लिए वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर पर भी निशाना साधा.

**फडणवीस ने उद्धव से पूछा- क्या यह मंजूर**

फडणवीस यही नहीं रुके, उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से सवाल किया कि क्या उन्हें प्रकाश आंबेडकर का यह कदम मंजूर है. इस साल की शुरूआत में उद्धव ठाकरे और प्रकाश आंबेडकर के दलों ने गठबंधन किया था.

**'राज्य में औरंगजेब के इतने हमदर्द कैसे आ गए'**

नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर अकोला में जनसभा को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा, 'अकोला, संभाजीनगर और कोल्हापुर में जो हुआ वह संयोग नहीं, बल्कि प्रयोग था. राज्य में औरंगजेब के इतने हमदर्द कैसे आ गए?'

**'हमारे राजा सिर्फ छत्रपति शिवाजी महाराज हैं'**

उन्होंने कहा, 'औरंगजेब हमारा नेता कैसे हो सकता है? हमारा राजा केवल एक है और वह छत्रपति शिवाजी महाराज हैं...भारत के मुसलमान, औरंगजेब के



वंशज नहीं हैं. मुझे बताएं कि औरंगजेब के वंशज कौन हैं? औरंगजेब और उसके पूर्वज कहां से आए थे? औरंगजेब और उसके पूर्वज बाहर से आए थे.'

**'राष्ट्रवादी मुस्लिम औरंगजेब का समर्थन नहीं करते'**

उपमुख्यमंत्री ने कहा, 'इस देश में राष्ट्रवादी मुसलमान औरंगजेब का समर्थन नहीं करते हैं और वे केवल छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना नेता मानते हैं.' औरंगजेब के मकबरे पर जाने को लेकर प्रकाश आंबेडकर पर निशाना साधते हुए फडणवीस ने उनसे पूछा कि ऐसा करने की क्या जरूरत थी.

**शिवसेना के दोनों गुट मनाएंगे पार्टी का स्थापना दिवस**

वहीं आज शिवसेना का स्थापना दिवस है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले दोनों गुट पार्टी का स्थापना दिवस मनाएंगे. बाल ठाकरे ने 19 जून 1966 को शिवसेना की स्थापना की थी और उन्होंने 'मराठी मानुष' को अपनी राजनीति का आधार बनाया था. अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तथा मुंबई में काफी समय से लंबित नगर निगम चुनाव से पहले शिवसेना के दोनों ही धड़े दिवंगत बाल ठाकरे की विरासत के 'असल उत्तराधिकारी' होने का दावा कर रहे हैं.

# मुंबई में 5 साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न

## 15 और 13 वर्षीय दो दोस्त गिरफ्तार



**मुंबई :** वित्तीय राजधानी मुंबई से एक शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक 5 साल की बच्ची के साथ दो नाबालिग लड़कों ने घिनौनी हरकत की है। पुलिस ने बताया कि पांच साल की एक बच्ची का दो नाबालिग लड़कों ने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। स्कूल जाने वाले आरोपी और पीड़िता एक ही बिल्डिंग में रहते है। पुलिस ने लड़कों को हिरासत में लेकर उन्हें चिल्ड्रन रिमांड होम भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, 15 और 13 साल के लड़कों ने शुक्रवार को एक सुनसान जगह पर मासूम के साथ गंदी हरकत की। आरोप है कि आरोपी दोस्तों ने बारी-बारी से बच्ची का यौन शोषण किया। यह मामला तब सामने आया जब बच्ची रोती हुई अपने घर गई। परिजनों के पूछताछ करने पर बच्ची ने दोनों आरोपियों की करतूत बताई। दोनों आरोपी पीड़िता के पड़ोसी हैं।

बाद में पीड़ित बच्ची के परिवार ने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। दोनों नाबालिगों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि बच्ची को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। वहीं, दोनों आरोपियों पर आईपीसी की धाराओं के तहत सामूहिक बलात्कार और अप्राकृतिक अपराधों और पॉक्सो की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी लड़कों और बच्ची के परिवार के बीच अच्छे संबंध थे। इसलिए वह आरोपी लड़कों के साथ चली गई। क्योंकि वह उन्हें जानती थी। वारदात को अंजाम देने के बाद लड़के अपने घर लौट गए। मामले की आगे की जांच चल रही है।

# लातूर में प्रेम प्रसंग को लेकर युवक की पिटाई, मौत!

**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर में प्रेम प्रसंग के कारण एक युवक की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना करीब एक पखवाड़े पहले की है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि औसा तहसील के



बलिराम मागर (25) को उसके भादा गांव के एक व्यक्ति ने तीन जून को बातचीत के लिए बुलाया और फिर उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर बलिराम की बुरी तरह से पिटाई कर दी। पुलिस अधिकारी ने कहा, '' शनिवार रात बलिराम की मौत हो गई। नौ जून को मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद 10 जून को हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया और इसकी जांच शुरू की गई। '' सहायक पुलिस निरीक्षक अप्पासाहेब डोंगरे ने कहा, ''गांव की एक लड़की से प्रेम संबंध होने को लेकर बलिराम की पिटाई की गई। हमने सात में से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अब उन पर हत्या का मुकदमा चलेगा।''

# सीएसएमटी हेरिटेज वॉक और हेरिटेज म्यूजियम के टिकट खरीदने की सुविधा देगा...



**मुंबई :** मॉडर्न आर्किटेक्चर के अद्भुत उदाहरण के रूप में जाना जाने वाला सीएसएमटी भवन दुनिया के सबसे आश्चर्यजनक स्टेशनों में से एक है। हर दिन हजारों पर्यटक इस इमारत और बिल्डिंग हेरिटेज म्यूजियम को देखने आते हैं। अब सेंट्रल रेलवे पर्यटकों को 'बुक माई शो' से सीएसएमटी हेरिटेज वॉक और हेरिटेज म्यूजियम के टिकट खरीदने की सुविधा देगा। लेकिन यह पॉपुलर हेरिटेज वॉक रेलवे द्वारा प्राइवेट कंपनी के हाथों में सौंप दिया गया है। निजी कंपनी अपने मनचाहे दाम पर यात्रियों और छात्रों से पैसे वसूलेगी।

एशिया की पहली रेलवे ट्रेन बोरीबंदर स्टेशन से चलती थी, जिसे अब सीएसएमटी रेलवे स्टेशन के रूप में जाना जाता है और इसकी विश्वव्यापी प्रतिष्ठा है। मध्य रेलवे का १६९ साल का इतिहास, जो तत्कालीन बोरीबंदर से वर्तमान सीएसएमटी स्टेशन में बदल गया है, यह एक हेरिटेज म्यूजियम है। हर दिन हजारों पर्यटक और छात्र हेरिटेज संग्रहालय देखने आते हैं जो भारतीय रेलवे का इतिहास बताता है। दिलचस्प बात यह है कि हेरिटेज म्यूजियम में बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक आते हैं। वर्तमान में हेरिटेज म्यूजियम के टिकटों की बिक्री मैन्युअल रूप से की जाती है। साथ ही संग्रहालय के टिकट सोमवार से शुक्रवार दोपहर २ बजे से शाम ५ बजे तक निश्चित समय पर बेचे जाते हैं। लिहाजा, पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब रेलयात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए सीएसएमटी के हेरिटेज वॉक और हेरिटेज म्यूजियम के टिकट 'बुक माई शो' से खरीदे जा सकते हैं। निजी कंपनी से करार

सेंट्रल रेलवे ने सीएसएमटी हेरिटेज बिल्डिंग में 'हेरिटेज टूरिज्म' आयोजित करने और रख रखाव करने के लिए पर्यटन क्षेत्र की एक निजी कंपनी के साथ ५ साल के लिए समझौता किया है। सीएसएमटी के हेरिटेज वॉक और हेरिटेज म्यूजियम के टिकट 'बुक माई शो' के माध्यम से ऑनलाइन बुक किए जा सकते हैं। लाइसेंसधारियों को पर्यटकों के स्वागत और आवश्यक पास, पहचान पत्र और मार्गदर्शन जारी करने के उद्देश्य से रिसेप्शन कियोस्क स्थापित करना होगा। विजिटिंग पॉइंट्स मेनलाइन कॉनकोर्स, वर्ल्ड हेरिटेज बिल्डिंग, स्टार चैंबर, स्टार चैंबर के पास हेरिटेज गैलरी, सेंट्रल डोम में रेलवे म्यूजियम और मेमोरियल म्यूजियम के भीतर सभी अनुमति जगहों पर फोटोग्राफी की अनुमति होगी। हालांकि, वीडियोग्राफी की मनाही रहेगी।

# सभी योजनाओं के नाम पर किसानों के साथ केवल छल ही हुआ है -अंबादास दानवे



**मुंबई :** केंद्र में भाजपा की सरकार हो या राज्य में 'ईडी' की सरकार, दोनों तरफ से धोखे और घोटालों का कामकाज शुरू है, ऐसा हमला बोलते हुए विधान परिषद के विरोधी पक्ष नेता अंबादास दानवे ने सबूत ही पेश कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले घोषणा पत्र में आश्वासन देना और चुनाव के बाद जनता को बेसहारा छोड़ देना, इस तरह का मामला शुरू है।

वर्ष २०१४ में हुए चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र पर अटल जी के साथ सभी वरिष्ठ नेताओं की तस्वीरें थी। लेकिन साल २०१९ के चुनाव में केवल मोदी जी की ही तस्वीर नजर आ रही थी। इसके बाद से ही देश में पूरी तरह से एकाधिकार तंत्र और मनमानी शुरू है। किसानों को गारंटी मूल्य, किसानों की आय डेढ़ गुना करनेवाले स्वामीनाथन आयोग का क्रियान्वयन, ब्याजमुक्त किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी सभी योजनाओं के नाम पर किसानों के साथ केवल छल ही हुआ है। राज्य में खरीफ २०२२ का बीमा, गुणवत्तापूर्ण बीज नहीं मिल रहा है। कृषि मंत्री के विभाग में भ्रष्टाचार हुआ है। प्याज का उचित मूल्य न मिलने से किसानों की हालत बिगड़ी हुई है इसलिए उन्होंने भी ग्रीष्मकालीन प्याज खरीदने की मांग की है। १,२०० किसानों ने की आत्महत्या

किसान विरोधी नीतियों के कारण ईडी सरकार के कार्यकाल में करीब १,२०० किसानों ने आत्महत्या की है। प्रतिदिन ७० महिलाएं लापता हो रही हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। 'हर घर नल' आया, लेकिन पानी का कोई पता नहीं। नियमित कर्ज अदायगी करनेवालों का ५०,००० प्रोत्साहन भत्ता लटका पड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना से ४६ लाख किसानों को अलग रखा गया। गुजरात में एक लीटर दूध ४० रुपए में मिलता है, जबकि महाराष्ट्र में यह केवल २५ रुपए में ही मिलता है। कपास के भाव १२ हजार से ६ हजार पर पहुंच गए। शिवसेना के पदाधिकारी ये सारी जानकारी राज्य की जनता तक पहुंचाएं, ऐसी उन्होंने अपील की।

# सायन अस्पताल में भर्ती होनेवाले मरीजों की दुर्दशा



**मुंबई :** मुंबई मनपा द्वारा संचालित सायन अस्पताल में भर्ती होनेवाले मरीजों को दुर्दशा से गुजरना पड़ रहा है। अस्पताल में ओपीडी में आनेवाले और वॉर्डों में भर्ती होनेवाले मरीजों को सही तरीके से उपचार नहीं मिल पा रहा है। दूसरी तरफ चिकित्सक जो भी दवाएं लिखते हैं, उनमें से अधिकांश दवा अस्पताल में मिलती ही नहीं हैं। ऐसे में मजबूरन मरीजों के परिजनों को बाहर से महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। सबसे चौंकानेवाली बात यह है कि इस अस्पताल में लगभग हर तरह की रक्त जांच होती है। इसके बावजूद भी मरीजों के खून के नमूनों को जांच के लिए निजी लैबों में भेजा जाता है। इससे अस्पताल के आस-पास स्थित निजी लैब चालकों की चांदी हो गई है। दूसरी तरफ मरीजों के परिजन यह भी आरोप लगा रहे हैं कि अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का भारी अभाव है, जिसका खामियाजा उनके जैसे तमाम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# ग्रामीण क्षेत्रों की शिशु मृत्यु दर में 35 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 34 प्रतिशत की गिरावट



**मुंबई :** नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा न हो पाने के कारण दुनिया में बहुत सारे बच्चे मौत के आगोश में समा जाते हैं। हिंदुस्थान में नवजात शिशुओं की मौत की दर बहुत अधिक है। हालांकि, इसे रोकने की दिशा में किए गए प्रयासों से शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। सरकार की ओर से जो आंकड़े जारी किए गए हैं, उसके मुताबिक, १९५१ में जहां प्रति १००० नवजात बच्चों में १४६ की मौत हो जाती थी, वहीं २०२२ में यह संख्या घटकर २८ तक आ गई है। ये आंकड़े उन बच्चों से जुड़े हैं, जिनकी मौत जन्म के एक साल के अंदर हो जाती है। पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों की शिशु मृत्यु दर में ३५ प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में ३४ प्रतिशत की गिरावट आई है। नवजात मृत्यु दर भी २०१९ में प्रति १,००० जीवित शिशुओं में से २२ के मुकाबले दो अंक घटकर २०२० में २० रह गई। रिपोर्ट के अनुसार, देश के लिए कुल प्रजनन दर (टीएफआर) भी २०१९ में २.१ से घटकर २०२० में २.० हो गई है। बिहार में २०२० के दौरान उच्चतम टीएफआर (३.०) दर्ज गई, जबकि दिल्ली, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में न्यूनतम टीएफआर (१.४) दर्ज की गई। इसके अनुसार, छह राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों, केरल (४), दिल्ली (९), तमिलनाडु (९), महाराष्ट्र (११), जम्मू और कश्मीर (१२) और पंजाब (१२) ने पहले ही नवजात मृत्यु दर के एसडीजी लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्यारह राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी)-केरल (८), तमिलनाडु (१३), दिल्ली (१४), महाराष्ट्र (१८), जम्मू-कश्मीर (१७), कर्नाटक (२१), पंजाब (२२), पश्चिम बंगाल (२२), तेलंगाना (२३), गुजरात (२४) और हिमाचल प्रदेश (२४) पहले ही यू५एमआर के एसडीजी लक्ष्य को प्राप्त कर चुके हैं। नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) सांख्यिकीय रिपोर्ट २०२० के अनुसार, भारत में पांच वर्ष से कम उम्र के शिशुओं की मृत्यु दर (यू५एमआर) में २०१९ से तीन अंकों की (वार्षिक कमी दर ८.६ प्रतिशत) देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु में मृत्यु दर २०१९ में प्रति १,००० जीवित शिशुओं में से ३५ के मुकाबले २०२० में घटकर ३२ रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार, शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में भी २०१९ में प्रति १,००० जीवित शिशुओं में से ३० के मुकाबले २०२० में प्रति १,००० जीवित शिशुओं में से २८ के साथ दो अंकों की गिरावट दर्ज की गई है और वार्षिक गिरावट दर ६.७ प्रतिशत रही।

# आदिपुरुष को लेकर पालघर में मचा बवाल, हिंदू संगठनों के सदस्यों ने रोक दी स्क्रीनिंग...




**मुंबई :** ओम राउत के निर्देशन में बनी फिल्म आदिपुरुष का जमकर विरोध किया जा रहा है। रविवार को महाराष्ट्र में कुछ हिंदू संगठनों के सदस्यों ने पालघर के नालासोपारा के एक मल्टीप्लेक्स हंगामा किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने फिल्म की स्क्रीनिंग रोक दी और जमकर नारेबाजी करते हुए मल्टीप्लेक्स के कर्मचारियों के साथ बहस की। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मालूम हो कि, प्रभास और कृति सेनन की फिल्म आदिपुरुष 16 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म की रिलीज को लेकर लोग काफी उत्सुक थे। लेकिन, अब ओम राउत की फिल्म को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस फिल्म को लेकर लोगों के मिले-जुले रिव्यू सामने आ रहे है। कुछ लोग इस फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। तो कुछ लोग इस फिल्म के डायलॉग्स की आलोचना कर रहे हैं।

देश भर में इस फिल्म को लेकर बवाल मचा है। इसके बाद भी आदिपुरुष जमकर कमाई कर रही है। फिल्म की रिलीज के बाद से सबसे ज्यादा विरोध इसके डायलॉग्स को लेकर हो रहा है। इसके अलावा कई लोग राम के किरदार को लेकर भी रिएक्ट कर रहे हैं। कुछ लोग तो इस फिल्म की तुलना क रामानंद सागर की रामायण से कर रहे हैं। ऐसे में कई फैंस का ये मानना है कि रामानंद सागर की रामायण की तुलना में आदिपुरुष के राम उतना जम नहीं रहे।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 20 जून 2023






## सांगली में फायरिंग में एनसीपी कार्यकर्ता की मृत्यु...!



**सांगली :** महाराष्ट्र के सांगली में मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात लोगों ने शनिवार देर रात यहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एक कार्यकर्ता की कथित रूप से गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि दो अज्ञात हमलावर 100 फीट रोड पर एक मोटरसाइकिल पर आए और पीड़ित नलसाब मुल्ला पर करीब से आठ राउंड गोलियां चलाईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, पुलिस ने बताया कि उसे तुरंत सिविल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी ।घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद विश्राम बाग पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी। सूत्रों ने कहा कि पुलिस गोलीबारी के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

# पूजारा टेलीकॉम ने नवी मुंबई, महाराष्ट्र में अपने पहले फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन किया

**नवी मुंबई :** पश्चिम भारत की अग्रणी मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट रिटेल चेन, पूजारा टेलीकॉम, महाराष्ट्र के नेक्सस सीवुड्स मॉल में अपने पहले फ्लैगशिप स्टोर के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए उत्साहित है। रणनीतिक रूप से भारत में दूसरे सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले मॉल और देश में सबसे बड़े ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट में स्थित, नया फ्लैगशिप स्टोर पुजारा टेलीकॉम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह महाराष्ट्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करता है। इस स्टोर के साथ, पुजारा टेलीकॉम अब महाराष्ट्र में 15+ स्टोर संचालित करता है, इस क्षेत्र में मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के लिए एक विश्वसनीय और पसंदीदा गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है।

लंबी अवधि के विकास के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं और मजबूत विस्तार के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, पुजारा टेलीकॉम का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024 के अंत तक मुंबई और महाराष्ट्र में 250 से अधिक स्टोर खोलना है। यह रणनीतिक कदम अद्वितीय ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए कंपनी की दृष्टि को प्रदर्शित करता है। और खुद को खुदरा उद्योग में एक प्रमुख नाम के रूप में स्थापित किया।

सीवुड्स में प्रमुख स्टोर, ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रहा है। स्टोर के प्रभावशाली उत्पाद पोर्टफोलियो में स्मार्टफोन, स्मार्ट घड़ियाँ, एयर कंडीशनर, ईयरबड्स, नेकबैंड, हेडफोन, आईपैड, आईफोन और ऐप्पल, वनप्लस, ओप्पो, रियलमी, श्याओमी और सैमसंग जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के कई अन्य स्मार्ट गैजेट शामिल हैं।



''पूजारा टेलीकॉम में मुंबई के बिक्री प्रमुख श्री दीपक मौलिक, मुंबई में ब्रांड के नए फ्लैगशिप स्टोर के उद्घाटन के लिए अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए प्रसन्न हैं। एक असाधारण खरीदारी अनुभव प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ, फ्लैगशिप स्टोर ग्राहकों को आसानी से उपलब्ध कराएगा। पूजारा टेलीकॉम के प्रीमियम उत्पाद पोर्टफोलियो तक पहुंच, उन्हें लाइव डेमो के माध्यम से नवीनतम मोबाइल उपकरणों और गैजेट्स का पता लगाने और अनुभव करने की अनुमति देता है।'' श्री मौलिक ने कहा, ''हमारा उद्देश्य एक ऐसा स्थान बनाना है जहां ग्राहक न केवल नवीनतम और सबसे बड़ी मोबाइल तकनीक पा सकें बल्कि विशेष लाभ और अतिरिक्त मूल्य का आनंद भी उठा सकें। हमारे विशेष बैंक प्रस्तावों, विशेष सौदों और मुफ्त उपहारों के माध्यम से, हम प्रतिबद्ध हैं हमारे सम्मानित ग्राहकों को पुरस्कृत अनुभव प्रदान करने के लिए।''

ग्राहक अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, पूजारा टेलीकॉम विशेष कार्यक्रम पेश करता है जैसे कि पूजारा हमसफर रिवॉर्ड प्रोग्राम और पूजारा डिवाइस प्रोटेक्शन प्लान। ये कार्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि ग्राहक पूजारा टेलीकॉम पर खरीदारी करते समय अतिरिक्त लाभ और सेवाओं का आनंद ले सकें। इसके अलावा, पुजारा टेलीकॉम ने विशिष्ट बैंक कैशबैक सौदों की पेशकश करने के लिए एचडीएफसी, आईसीआईसीआई और एक्सिस जैसे प्रसिद्ध बैंकों के साथ सीधा टाई-अप स्थापित किया है। नतीजतन, ग्राहक 15,000 से ऊपर की किसी भी खरीदारी पर 7.5% तक की तत्काल छूट का लाभ उठा सकते हैं। नेक्सस सीवुड्स में पूजारा टेलीकॉम के फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन, ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने और महाराष्ट्र में सभी दूरसंचार जरूरतों के लिए ब्रांड को एक विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्राहक जानकार और मैत्रीपूर्ण कर्मचारियों से एक सहज खरीदारी अनुभव, एक बेहतर उत्पाद श्रृंखला और व्यक्तिगत सेवा की उम्मीद कर सकते हैं। साझेदारों के पास नवी मुंबई में पुजारा से हाथ मिलाने के ठोस कारण हैं। 1994 से नैतिक खुदरा व्यापार के लिए एक प्रसिद्ध नाम के साथ, पुजारा ने ग्राहकों के साथ अपने व्यवहार में पारदर्शिता के लिए एक प्रतिष्ठा स्थापित की है। एक्सक्लूसिव ब्रांड और बैंक टाई-अप वैल्यू एड करते हैं, जिससे ट्रेंडिंग स्मार्टफोन और टेक गैजेट्स की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच सुनिश्चित होती है। पुजारा की बिक्री के बाद सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता इसे अलग करती है, एक सहज ग्राहक अनुभव प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, गुजरात में 250+ स्टोरों के सफल संचालन और एक उन्नत स्टोर संचालन प्रणाली के साथ, भागीदार पुजारा के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड और खुदरा उद्योग में विशेषज्ञता पर भरोसा कर सकते हैं। दूरदर्शी नेता, संस्थापक और अध्यक्ष श्री योगेश पूजारा के मार्गदर्शन में, पूजारा टेलीकॉम ने अपनी स्थापना के बाद से खुद को मोबाइल और टेक रिटेलर सेगमेंट में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है।

# कमला गोवानी ट्रस्ट ने कमाठीपुरा की सेक्सवर्करों को दिए महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र

## इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है...





**मुंबई :** कमला अंकीबाई ट्रांसजेंडर समुदाय, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य सहित हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए विभिन्न गतिविधियों का समर्थन करने वाले घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट की ओर से कमाठीपुरा रेड लाइट एरिया की सेक्सवर्करों को महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र वितरित किए गए। महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 के केंद्रीय बजट में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत की थी और इसे पिछले महीने ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया था। दो साल की अवधि की योजना लचीले निवेश और आंशिक निकासी विकल्पों के साथ 7.5% ब्याज का आकर्षक और निश्चित ब्याज प्रदान करती है, जिसकी अधिकतम सीमा रु. 2 लाख तक है और यह योजना 31 मार्च, 2025 तक दो साल की अवधि के लिए वैध है। कमला अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट की निदर्शना गोवानी ने सामाजिक दायित्व के तहत 100 सेक्स वर्करों को अपनी ओर से 15- 15 हजार रुपए निवेश कर बचत प्रमाण पत्र भेंट किए।

इस अवसर पर निदर्शना गोवानी ने कहा कि ''हम कमाठीपुरा क्षेत्र के 100 सेक्स वर्करों को महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं । यह हमारी ओर से एक विनम्र योगदान है कि हम उन्हें समर्थन दें और समाज को कुछ वापस दें। यह योजना वित्तीय समावेशन और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सेक्स वर्करों को उनके वित्तीय भविष्य और उनके बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करेगा,''।

इस अवसर पर भारतीय डाक का प्रतिनिधित्व करने वाली करियर नौकरशाह स्वाति पांडे उपस्थित थीं। उन्होंने अपने 24 से अधिक वर्षों के करियर में परमाणु ऊर्जा और सूचना और प्रसारण मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभागों में काम किया है। कमला अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट ने ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण, महिलाओं के लिए स्वरोजगार की पहल, सेना की विधवाओं का सम्मान, टीकाकरण अभियान, मंदिरों और धर्मशालाओं के विकास, वृद्धाश्रमों को सहायता, स्वास्थ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपने पंख फैलाए हैं। शिविर, आवारा पशुओं के लिए भोजन अभियान, खेल टूनामेंट, भोजन वितरण अभियान के साथ ट्रस्ट निदर्शना गोवानी के नेतृत्व में अपने प्रयासों का विस्तार कर रहा है और नई पहलों का समर्थन कर रहा है।

# भाई को मैसेज भेजकर कहा- मैं किडनैप हो गई...

## प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी संग फरार हुई नाबालिग

**पालघरः** 'मेरा अपहरण हो गया है'... वॉट्सऐप पर यह मैसेज एक लड़की ने अपने भाई को भेजा. यह मैसेज पढ़ते ही भाई चिंता में पड़ गया. घरवालों की सलाह पर वह पुलिस थाने गया. बहन की किडनैपिंग की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई. परिजनों की शिकायत पर पुलिस को भी पहले लगा कि उसका अपहरण हो गया है. लेकिन, पुलिस ने लड़की का पता लगाने के लिए अपने खबरियों की मदद ली तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ. जिसका पता भाई को चला तो उसे भी यकीन नहीं हुआ.

पूरा मामला महाराष्ट्र के पालघर का है. सोमवार को पुलिस ने बताया कि लड़की शहर के विरार इलाके की रहने वाली है. उसकी उम्र 17 साल है. वह एक कंपनी के हाउसकीपिंग सेक्शन में काम करती थी. वह बीते शुक्रवार को जॉब पर गई थी. लेकिन, वह घर वापस नहीं लौटी. इसी बीच, उसने अपने भाई को वॉट्सऐप पर





अपनी किडनैपिंग के बारे में जानकारी दी.

### पुलिस की टीम लड़की को लेने गई

विरार थाने के पुलिस अफसर कल्याण करपे के मुताबिक, पुलिस ने लड़की के किडनैपिंग का केस दर्ज किया था. पुलिस की एक टीम उसकी तलाश में जुटी हुई थी. उसका मोबाइल बंद आ रहा था. इस वजह से उसके लोकेशन को भी ट्रेस करना बेहद मुश्किल हो रहा था. इस बीच पुलिस को जानकारी मिली की वह कोलकाता में कहीं है. सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम को उसे लेने के लिए कोलकाता भेजा गया है.

### कोलकाता कैसे पहुंची, पुलिस ने किया खुलासा

पुलिस अफसर ने बताया कि जांच के दौरान यह पता चला कि लड़की का किसी लड़के के साथ प्रेम प्रसंग था. वह उसी के साथ रहना चाहती थी. लेकिन, इस बात की जानकारी उसने घरवालों को नहीं दी थी. फिर उसने घर से भागने का प्लान बनाया और घरवालों को गुमराह करने के लिए अपने ऑफिस से अपहरण का झूठा मैसेज भाई को भेज दिया था. पुलिस के मुताबिक, वह अपने प्रेमी के साथ कोलकाता भाग गई है.

# उद्यमशील संस्कृति को बढ़ावा और नवाचार की भावना विकसित करना जरूरी :मुख्यमंत्री

## 19 जून को होगी एमपी एमएसएमई समिट-2023

**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में उद्यमशील संस्कृति को बढ़ावा देने और नवाचार की भावना को विकसित करने में एमपी एमएसएमई समिट-2023 सहायक सिद्ध होगी। इसमें शामिल होने वाले उद्यमियों, विषय-विशेषज्ञों से प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता के लिए मार्गदर्शन प्राप्त होगा और वे विभिन्न क्षेत्रों में नई संभावनाओं से परिचित भी हो सकेंगे। समिट में एमएसएमई के लिए टेक्नालॉजी ट्रांसफर, न्यू एज फाइनेंस, अंतर्राष्टीय प्रतिस्पर्धा, महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन और डिजिटल रूपांतरण विषयों पर विशेष-सत्र होंगे। मुख्यमंत्री चौहान 19 जून को आर्थिक विकास के शुभ संयोग-मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग पर होने वाली समिट-2023 की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में हुई बैठक में मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा उपस्थित रहे।

### एमएसएमई अवार्ड से सम्मानित होंगे उद्यमी और उद्योगपति

भोपाल में नर्मदापुरम रोड स्थित आमेर ग्रीन्स में सुबह 9ः30 बजे से होने वाली समिट में लगभग 1000 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें उद्यमी एवं उद्योगपति, उद्योग संघ पदाधिकारी, र्स्टाट अप से जुड़े व्यक्ति और विद्यार्थी शामिल होंगे। वाल्मार्ट और एनएसई इंडिया के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर भी होंगे। साथ ही वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के लिए एमएसएमई अवार्ड दिए जाएंगे। सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा।



समिट में 6 विषयगत सत्र होंगे, जिनमें प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से एमएसएमई का आधुनिकीकरण, एमएसएमई के लिए वित्तीय समाधान के नए आयाम, क्लस्टर विकास, एमएसएमई को परिस्थितिकी अनुरूप समर्थ बनाना, अंतर्राष्टीय काम्पिटेटिवनेस बढ़ाना, उद्यामिता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और एमएसएमई के लिए डिजिटल परिर्वतन की आवश्यकता विषयों पर चर्चा होगी। समिट में संयुक्त राष्ट औद्योगिक विकास संगठन के भारत प्रतिनिधि रेने वान बर्कल, फिक्की फ्लो की राष्टीय अध्यक्ष सुसुधा शिवकुमार, कोप्पल टॉय क्लस्टर के सीईओ किशोर राव, राष्टीय अनुसंधान विकास निगम के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमोडोर अमित रस्तोगी, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक (सेवानिवृत्त) सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती महेश गुप्ता, केन्द्र सरकार के पूर्व सचिव डॉ. राजन कटोच और अध्यक्ष दलित चेम्बर्स आफ कामर्स इंडस्ट्रीज मिलिंद कामले शामिल होंगे। कार्यक्रम के नॉलेज पार्टनर अर्नस्ट एण्ड यंग और अकादमिक पार्टनर आइआईएम इंदौर हैं। इन्वेस्ट इंडिया, एसोचैम इंडिया, सीआईआई, फिक्की, पीएचडी चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और डिक्की भी कार्यक्रम में सहभागी हैं।

# जूनागढ़ में दरगाह हटाने के नोटिस पर बवाल

## भीड़ ने पत्थर फेंके, गाड़ियां फूंकीं, एक की मौत, डीएसपी और 4 पुलिसकर्मी घायल

**अहमदाबाद।** गुजरात के जूनागढ़ में सड़क पर बनी अवैध दरगाह हटाने के नोटिस को लेकर शुक्रवार रात जमकर बवाल हुआ। इस दौरान करीब 500 से 600 लोगों की भीड़ ने पुलिस चौकी पर पथराव कर दिया और बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। हस हमले एक डीएसपी समेत चार पुलिसकर्मी घायल बताए जा रहे हैं। हिंसा के बाद एक्शन में आई पुलिस ने करीब 175 लोगों को हिरासत में लिया है। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव है, लेकिन फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस पूरे इलाके में गश्त कर रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जूनागढ़ नगर निगम की तरफ से रास्ते बीच में बनी अवैध दरगाह हटाने का नोटिस दिया गया था। दरगाह पर नोटिस चिपकाने के बाद लोग सड़कों पर उतर आए और भीड़ में शामिल कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस की टीम पर हमला कर दिया। वहीं, मजेवड़ी चौक स्थित पुलिस चौकी में लोगों ने जमकर तोडफोड़ की और पुलिस टीम पर पथराव करने के साथ ही बाहर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी।



### एक व्यक्ति की मौत की खबर

पुलिस के मुताबिक, उपद्रवियों ने हिंसा के दौरान कई गाड़ियां भी फूंक दी। उपद्रव को कंट्रोल करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। पथराव के दौरान एक व्यक्ति की मौत होने की खबर है। घटना के बाद से इलाके में काफी तनाव है। यहां बड़ी तादाद में जवानों को तैनात कर पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। एसपी जूनागढ़ रवि तेजा वासमसेट्टी ने शनिवार को कहा, मजेवाड़ी गेट के पास एक मजार को जूनागढ़ नगर निगम द्वारा 5 दिनों के भीतर उसके वैध होने के दस्तावेज पेश करने का नोटिस दिया गया था। कल वहां करीब 500-600 लोग जमा हुए थे।

# मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से मिलेगी सागर को एक और सौगात

## जल्द ही सागर से भोपाल के बीच दौड़ेंगी बैटरी चालित बसें

**सागर।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से बहुत जल्द जिलेवासियों को बैटरी से चलने वाली शून्य उत्सर्जन बसों से यात्रा करने की सुविधा मिलने वाली है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के समन्वय से इन बसों का संचालन स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत होगा। बस संचालन का कॉन्ट्रेक्ट ग्रीन सेल नाम की कंपनी को मिला है। ग्रीन ग्रोथ इक्विटी फंड के तहत इस कंपनी को देश में बैटरी से चालित बसों को ऑपरेट करने की जिम्मेदारी दी गई है। जानकारी के अनुसार इस कंपनी ने भोपाल-इंदौर के बीच बसों का संचालन शुरु कर दिया है। अब दूसरे फेज में सागर से भोपाल के बीच बस चलेंगी। इन बसों का किराया, चार्टड बस कंपनियों के मुकाबले में करीब 50 रुपए कम रहेगा।

### सुबह से देर रात्रि तक मिलेंगी बसें

मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि सागर-भोपाल के बीच कुल 12 बसों का संचालन होगा। सुबह से देर रात्रि के बीच दोनों तरफ से ये बसें नॉन स्टॉप तीन-तीन फेरे लगाएंगी। बसों में कुल 45 सीटें होंगी। बस की स्पीड, डीजल से चलने वाली बसों के समान रहेगी जो यात्रियों का औसतन 3.30 घंटे में भोपाल और सागर पहुंचा देंगीं। प्रत्येक बस सुरक्षा उपकरणों से लैस रहेगी। इसमें सबसे बड़ी सुविधा ये रहेगी, बस ड्राइवर की ऑनलाइन विजुअली मॉनीटरिंग की जाएगी। अगर कहीं पर भी ड्राइवर बस चलाने के दौरान मोबाइल पर बात करने या किसी प्रकार का व्यसन करेगा या सीट बेल्ट नहीं लगाने जैसी छोटी-बड़ी चूक करता है तो वार्निंग सायरन बज जाएगा।



### राजघाट रोड स्थित निर्माणाधीन बस स्टैंड पर बनेगा बसों का चार्जिंग पाइंट

इन बसों को चार्ज करने के लिए राजघाट रोड पर बन रहे सागर-जबलपुर-नरसिंहपुर बस स्टैंड पर चार्जिंग की सुविधा देने का प्लान है। जानकारी के अनुसार ये बस अधिकतम 30 मिनट में चार्ज हो जाती हैं। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने बताया है कि जिले के लोगों को भोपाल जाने के लिए एक और विकल्प तैयार हो जाएगा। सबसे बड़ी बात ये है कि यह बसें बैटरी से संचालित हैं, जिससे हम बहुमूल्य खनिज तेल के साथ पर्यावरण भी बचाएंगे। सिटी बस सुविधा के बाद शहरवासियों के लिए यह बसें एक बड़ी सौगात होंगी। भविष्य में इन बसों को जबलपुर, नागपुर, खजुराहो आदि रूट पर भी चलवाने की कार्ययोजना बनाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने सागर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा, महलवार देवी मंदिर में आडिटोरियम व आवासीय कालोनी में सुविधाओं हेतु 9 करोड़ की स्वीकृति दी

## मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह के आग्रह पर मिली स्वीकृति

*सागर। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने सागर में विभिन्न विकास कार्यों के 9 करोड़ की स्वीकृति जारी की है। इस राशि में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापना हेतु 1 करोड़, मां महलवार देवी मंदिर परिसर में चौरसिया समाज के लिए सुविधा संपन्न सामुदायिक भवन (आडिटोरियम) निर्माण के लिए 1 करोड़ व किशोर न्यायालय के पास शहरी गरीबों के लिए निर्मित किए जाने वाले आवासों की अधोसंरचना विकास के लिए 7 करोड़ राशि स्वीकृत हुई है।*

*उल्लेखनीय है कि सागर जिले की क्षत्रिय समाज की बैठक और गत 22 मई को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने सागर में 1 करोड़ की लागत से वीर योद्धा और दृढ़ संकल्पी महाराणा प्रताप जी की पैडस्ट्रल सहित विशाल प्रतिमा की स्थापना की घोषणा सामाजिक संगठनों की मांग पर की थी। इस के पश्चात 28 मई को सागर के पंत नगर वार्ड स्थित माता महलवार देवी मंदिर परिसर में चौरसिया समाज के सामूहिक विवाह आयोजन का पंडाल आंधी में क्षतिग्रस्त होने की घटना के बाद कार्यक्रम में पहुंचे नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने स्थानीय आवश्यकता को देखते हुए ऐसे आयोजनों के लिए सक्षम 1 करोड़ की लागत से बड़े सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की थी। गत माह मेनपानी स्थित शहरी गरीबों के लिए आवासों का लोकार्पण व आवंटन करते हुए मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह को आवसीय कालोनियों के विकास की विभिन्न आवश्यकताओं से अवगत कराया गया था। इन सभी कार्यों के लिए मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान से स्वीकृति का आग्रह किया था जिसे उन्होंने पूरा किया है।*

*मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह की उक्त मांगों को मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने नगरीय निकायों में अधोसंरचना से जुड़े विविध विकास कार्यों के रूप में अपनी स्वीकृति देते हुए कुल 9 करोड़ की राशि आवंटित कर दी है। मंत्री श्री सिंह के निर्देशानुसार संबंधित निकाय स्वीकृत कार्यों के प्राक्कलन तैयार कर सक्षम तकनीकी स्वीकृति के पश्चात निविदा प्रक्रिया आमंत्रित करने की कार्यवाही शीघ्र करेंगे।*



# श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में नन्हीं प्रतिभाऐं सीख रहीं धर्म ज्ञान

## शिविर में आयोजित हो रहीं ज्ञान वर्धक प्रतियोगिताऐं-

**(ललितपुर)** वर्णी नगर मडावरा में श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर,जयपुर के तत्वावधान एवं निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर महाराज के मंगल आर्शीवाद एवं शिविर प्रभारी पं॰ आलोक मोदी शास्त्री, पं॰ मुकेश जैन शास्त्री ललितपुर के मार्गदर्शन में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन 14 से 22 जून तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर के संयोजक डां॰ बिरधीचंद्र जैन एवं डां॰ राकेश जैन सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतवर्ष में दो सौ स्थानों पर शिक्षण शिविर आयोजित किए गए।जिसमें लगभग दो लाख बच्चों,युवाओं,महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मियों की छुट्टियों का सदुपयोग करने के लिए बच्चों का शिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बच्चे धार्मिक संस्कारों के साथ नैतिक संस्कारों को सीख रहे हैं। प्रातः काल बच्चों को पूजन करने की विधि एवं बालबोध भाग एक व दो सिखाए जा रहे हैं। दोपहर व सायंकाल में सीनियर वर्ग के लिए धार्मिक ग्रंथों रत्नकरण्ड श्रावकाचार,द्रव्य संग्रह,छहढाला,इष्टोपदेश आदि ग्रंथों पर पं0 सोहित जैन शास्त्री, पं॰ आदित्य जैन शास्त्री के निर्देशन में कक्षाएं चल रहीं हैं।सायंकाल सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित हो रहीं हैं जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में प्राचार्या ममता जैन,रुबी जैन का सहयोग मिल रहा है।इस मौके पर डा0राकेश जैन सिंघई, राजू सेठी,सुमत मोदी,अनिल जैन शिक्षक पुष्पेन्द्र जैन मौजूद रहे।



### बच्चों ने मूक पशुओं के निर्यात के विरोध में निकाला जुलूस-

मडावरा( ललितपुर)÷गौ माता कहे पुकार,बंद करो जीवित पशुओं का निर्यात÷ इस नारे को लगाते हुए बच्चों ने नगर में जुलूस निकालकर मत्स्य पालन,पशुपालन और डेयरी मंत्रालय,नई दिल्ली के सचिव से मांग की है कि भारत देश से जीवित पशुओं के निर्यात के अध्यादेश को निरस्त किया जाए। यह भारतीय संस्कृति पर कलंक है।भारतीय संस्कृति अहिंसामयी है।भारतीय संस्कृति को बचाना है तो इस अध्यादेश को वापिस लेना होगा।जिससे भारतीय संस्कृति सुरक्षित बच सके।

### युवा समाजसेवी चन्दन सिंह अहिरवार भारतीय रेल यात्री कल्याण समिति के सदस्य मनोनीत

**झांसी / ग्वालियर / ललितपुर।** राष्ट्रीय स्तर पर रेल यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि एवं यात्रा के दौरान होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करने वाली देश की एकमात्र संस्था भारतीय रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं जेड आर यू सी सी उत्तर मध्य रेलवे, रेल मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य डॉ प्रदीप कुमार तिवारी ने ललितपुर, उप्र के युवा समाजसेवी चन्दन सिंह अहिरवार के समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए तथा रेलसेवा के प्रति रुचि को देखते हुए समिति का विशिष्ट सदस्य मनोनीत किया है ।क्षेत्र वासियों एवं शुभचिंतकों ने श्री अहिरवार को बधाई देते हुए रेल यात्रियों के समस्याओं के समाधान तथा सुविधाओं में वृद्धि की अपेक्षा की है। चन्दन सिंह अहिरवार ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि वह क्षेत्र के रेल यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि हेतु हर सम्भव प्रयास करेंगे।



## एसडीएम के आदेश का नही हुआ पालन

# पीड़ित ने पुलिस के संलिप्त होने का लगाया आरोप

**सुजानगंज(,जौनपुर)।** क्षेत्र के घुरीपुर गांव में एसडीएम के रोक के बावजूद विपक्षी निमार्णाधीन मकान पर गाटर पटिया चढ़ा लिया।जिसके बाद पीड़ित ने निमार्णाधीन मकान पर पुलिस की सह पर गाटर पटिया रखने का आरोप लगाया। जबकि फरियादी की शिकायती पत्र पर एसडीएम थानाध्यक्ष सुजानगंज को जांचकर नियमानुसार कार्रवाई करने का आदेश दिया था। एसडीएम के आदेश का पालन न होने से फरियादी तहसील और थाने का चक्कर काटने को मजबूर है।

आपको बता दे कि उक्त गांव निवासी जगदीश सिंह पुत्र रामपाल सिंह ने अपने जमीन पर विपक्षी द्वारा मकान बनवाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम के कोर्ट में पत्थरगड्डी कराने के लिए मुकदमा दाखिल किया था।जिस पर सुनवाई करते हुए एसडीएम राजस्वकर्मी को मौके पर नाप करने का निर्देश दिया था।

इतना ही नही वादी के प्रार्थनापत्र पर एसडीएम ने थानाध्यक्ष सुजानगंज को निर्देशित किया कि मामले पर नियमानुसार कार्रवाई करे। इसके बावजूद शनिवार की रात विपक्षी ने निमार्णाधीन मकान पर गाटर पटिया चढ़ा लिया।जबकि विवादित अराजी संख्या 150 के सीमंकन अभी तक राजस्वकर्मियों द्वारा नहीं किया गया है।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि विपक्षी पुलिस की मिलीभगत से मकान पर गाटर पटिया रख लिया है। जबकि एसडीएम का आदेश था कि जब तक विवादित आराजी पर कोई फैसला न हो जाय तब तक वहां पर कोई भी व्यक्ति कुछ नही करेगा। इसके बावजूद विपक्षी द्वारा एसडीएम के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए गाटर पटिया चढ़ा लिया।

इस संदर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सुजानगंज ने बताया कि इसमें पुलिस को कोई सूचना नहीं हुई है कि निर्माण कार्य कराया जा रहा है जबकि हमने प्रार्थी को बुलाकर बताया भी था कि यदि ऐसी कोई आशंका है तो आप उसी समय पुलिस को सूचना दें ताकि तत्काल कार्य को रोका जा सके।

# पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को योग प्राणायाम का दिया प्रशिक्षण



**केराकत (जौनपुर)।** केराकत कोतवाली परिसर में रविवार की सुबह योग गुरु ने केराकत कोतवाली में परिसर में ताड़ासन, उक्तकटासन, चक्रासन सहित अन्य योग सिखाने के साथ ही अनुलोम विलोम प्राणायाम, सूर्यभेदन प्राणायामों का प्रशिक्षण और ओम के उच्चारण से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रभारी निरीक्षक केराकत जयप्रकाश यादव ने योग प्राणायाम के इस अभ्यास को पुलिस कर्मियों के लिए लाभकारी बताते कहा कि योग प्राणायाम के अभ्यास से पुलिस कर्मियों को विशेष लाभ मिलेगा।

योग प्रशिक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव राय , निरीक्षक राकेश तिवारी ,एसआई विद्यासागर सिंह,एसआई जुगल किशोर राय , , हेड का.राम राकेश सिंह,, अखिलेश, जयचंद यादव , राकेश पाल सहित,तमाम पुलिस बल के जवान योग परीक्षण में मौजूद रहे।

# बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**सिरकोनी(जौनपुर)।** जलालपुर क्षेत्र के नथनपुर कबुलपुर नहर मार्ग पर शनिवार की रात को बोलेरो ने एक बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। बाइक पर बैठे युवक को काफी चोट आई।घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल के जाया गया।

जलालपुर क्षेत्र के सोनबरसा पुरवा निवासी गांव राजेन्द्र प्रसाद अपने रिश्तेदार के लड़के दिनेश कुमार को बाइक पर बैठाकर शहर जा रहे थे।जैसे ही बाइक उक्त स्थान के पास पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक चार बोलेरो ने टक्कर मार दिया।टक्कर से दोनों बाइक सवार छिटक कर सड़क पर गिर पड़े।

# गुणवत्ता के साथ मामलों का करें निस्तारण -जिलाधिकारी

**खोरडीह राजस्व प्रकरण में जानकारी न होने पर राजस्व निरीक्षक को लगाई फटकार ▪ सरकारी हैंडपंप को बाउंड्री के अंदर रखने पर एफआईआर दर्ज कर करायें खाली**




**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा व मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों के समस्याओं को सुना तत्पश्चात संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गुणवत्ता के साथ मामलों का निस्तारण करें। निस्तारण के समय फरियादियों से संतुष्टि का भी पूरा ख्याल रखा जाए। जिलाधिकारी के द्वारा पूर्व समाधान दिवस में निस्तारित प्रकरणों का फोन पर संबंधित शिकायतकर्ता से वार्ता का निस्तारण के संबंध में फीडबैक भी लिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत की कि उसके घर के आसपास ना तो बिजली का खंबा है ना तार है और ना ही उसके घर में कनेक्शन है फिर भी उसके नाम से 28 हजार रुपए का बिल भेज दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता दीपक सिंह पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल जांच कर सही करने का निर्देश दिया।

ग्राम खोराडीह निवासी एक फरियादी के द्वारा प्रार्थना पत्र देखकर अवगत कराया कि उसके खतौनी में कमला देवी के स्थान पर कमाली देवी दर्ज हो गया है जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक को प्रकरण के बारे में जानकारी न होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल जांच का निस्तारण करने का निर्देश दिया। एक प्रकरण में खंड विकास अधिकारी पटेरा को हैंडपंप रिबोर कराने का का निर्देश दिया।

सिरसी गांव के फरियादी द्वारा सरकारी हैंड पंप को निजी बाउंड्री वालों में घेर लिया गया है जिससे लोगों को पानी पीने से भी मना किया जाता है संबंधित प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी पुलिस व संबंधित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया की जांच कर दोषी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करते हुए बाउंड्री वाल से हटाकर हैंडपंप को सार्वजनिक किया जाए। काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।




# फिल्म की ये गलतियां जिसे देखने के बाद दर्शक नहीं कर पा रहे मेकर्स को माफ

**सुपरस्टार** प्रभास और कृति सेनन की फिल्म आदिपुरुष रिलीज हो गई है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन इस फिल्म को देखने के बाद फैंस का सारा एक्साइटमेंट खत्म हो गया। फैंस को ये फिल्म पसंद नहीं आई। साथ ही फिल्म देखने के बाद फैंस इस फिल्म को काफी ट्रोल कर रहे हैं। साथ ही इस फिल्म को असली रामायण से बिल्कुल अलग बताया जा रहा है। आइए जानतें हैं कि इस फिल्म में क्या-क्या दिखाया गया जो असली रामायण से बिल्कुल अलग था।







आदिपुरुष में मां सीता को नीले, बैंगनी और सफेद रंग के कपड़ों में दिखाया गया, लेकिन हम सभी ने देखा है कि असली रामायण में मां सीता केवल भगवा रंग पहनती हैं। फिल्म में सीता को मॉडर्न तरीके से प्रस्तुत किया गया है। कृति सनोन यानि फिल्म की जानकी की तुलना रामानंद सागर की सीता की भूमिका दीपिका चिखलिया से की गई है जो बिल्कुल अलग है।

रावण के दस सिर होते हैं। हम हर दशहरा में भी रावण के दस सिर जलाते हैं, लेकिन फिल्म में रावण को सिर्फ एक सिर में अनोखे तरीके से पेश किया गया है। साथ ही रावण की दाढ़ी काफी मॉडर्न लुक में दिखाया गया है।

फिल्म में सभी कलाकारों के लुक की आलोचना की गई है। जहां हनुमान की आधी दाढ़ी पर आपत्ति जताई गई है वहीं सैफ अली खान की दाढ़ी और हेयरस्टाइल पर भी सवाल उठाए गए हैं। फिल्म में हमने राम और लक्ष्मण को चमड़े की चप्पल पहने हुए देखा गया हैं जो की सही नहीं है क्योंकि पूरे रामायण में हमने राम जी को खड़ाऊ पहने हुए देखा है।

मेघनाद अकेला ऐसा वीर था जिसके पास ब्रह्मास्त्र समेत पशुपत्रास्त्र और वैशणवास्त्र थे। यही कारण है कि वो अकेला राम की पूरी सेना पर भारी था, लेकिन फिल्म में मेघनाद को टैटू वाले मेघनाद के रुप में दिखाया गया है। इसे देखने के बाद लोगों के के रोंगटे खड़े हो गए थे।

आदिपुरुष के डायलॉग इंटरनेट पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म रिलीज होने से पहले कृति सनोन ने माता-पिता से अपने बच्चों को फिल्म देखने के लिए ले जाने की अपील की थी। इस लोग लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में ऐसे कई डायलॉग दिखाए गए हैं जो काफी शर्मनाक है।




# रणवीर और दीपिका ने लूटी महफिल, फैन्स को पसंद आई केमिस्ट्री

**बॉलीवुड** अभिनेता सनी देओल के बड़े बेटे करण देओल ने अपनी लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड द्दशा आचार्य से 17 जून शादी कर ली है। बीती रात करण देओल और द्दशा आचार्य की शादी की रिसेप्शन पार्टी मुंबई में होस्ट की गई। इस पार्टी में इंडस्ट्री के कई दिग्गज कलाकर मौजूद थे। वहीं पार्टी में बॉलीवुड अभिनेता अपनी पत्नी और एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के साथ पार्टी का हिस्सा बने। दोनों की मौजूदगी ने सभी का फैन्स का ध्यान खींचा। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण का रॉयल अंदाज खूब सुर्खियां बटोर रहा है। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने अपनी धमाकेदार केमिस्ट्री से करण देओल और द्दशा आचार्य की शादी की रिसेप्शन पार्टी में खूब रंग जमाया। रणवीर सिंह सफेद शेरवानी में बेहद स्टाइलिश लग रहे थे, वहीं दीपिका पादुकोण ब्लैक और गोल्ड अनारकली आउटफिट में स्टनिंग लग रही थीं। वे साथ में बेहद खूबसूरत लग रहे थे।

# ठहरी सी जिंदगी में संघर्ष की तपिश

वैधव्य औरत के जीवन का ऐसा पड़ाव है, जहां आकर उनकी जिंदगी ठहर सी जाती है। ये वो मुकाम है, जहां स्त्री को भेदभाव, अवमानना और अन्याय सहते हुए जीवन जीने को बाध्य होना पड़ता है। लेकिन, समय के साथ समाज का नजरिया बदला है। सिनेमा ने भी विधवा नारी के जीवन पर केंद्रित फ़िल्में बनाकर इस बदलाव का संकेत दिया। लेकिन, यह सब एक दायरे तक ही सीमित रहा! विधवा उद्धार पर फ़िल्में बनाने में फिल्मकार आज भी हिचकिचाते हैं। इसलिए कि सिनेमा की रंगीनियत में वैधव्य का सफेद रंग कहीं कमाई में बाधक न बन जाए! इस दमदार विषय को उठाने वाली फिल्मों का अभाव तो लगता है। लेकिन, ऐसे निर्माता-निर्देशक भी हैं, जिन्होंने विधवाओं की ज़िंदगी पर फ़िल्म बनाने का साहसिक फैसला किया। इनमें महबूब खान, राजकपूर, वी शांताराम, यश चोपड़ा से लेकर शक्ति सामंत और राकेश रोशन जैसे बड़े फिल्मकार हैं।



फिल्मों में विधवाओं को महज फिलर की तरह उपयोग में लाया जाता रहा। दिखाया जाता कि हीरो की मां विधवा है, जो सिलाई-कढ़ाई करके अपने बेटे का लालन-पालन करती थी। बाद में ये बच्चा या तो %त्रिशूल% के अमिताभ की तरह अच्छा निकलता है या %दीवार% के अमिताभ की तरह बिगड़ जाता है। सबसे पहले महबूब खान ने विधवा महिला के संघर्ष को लेकर 1940 में फिल्म %औरत% बनाई! बाद में 1957 में उसका रंगीन संस्करण %मदर इंडिया% बनाकर एक विधवा की व्यथा-कथा पेश की। नरगिस ने इसमें विधवा का सशक्त रोल निभाया था। दिखाया गया था कि पति की मौत के बाद अकेली औरत कैसे बच्चों को पालती और खुद को ज़माने की गंदी नजरों से भी बचाती है। शक्ति सामंत ने भी विधवा प्रेम और विवाह को लेकर कई सफल फिल्में बनाई। इसकी शुरुआत गुलशन नंदा के उपन्यास पर बनी फिल्म %कटी पतंग% से की, जिसमें आशा पारेख ने विधवा की भूमिका निभाई थी। 'कटी पतंग' की कहानी विधवा विवाह पर केंद्रित थी। इससे पहले उन्होंने शर्मिला टैगोर को %आराधना% में विधवा के रूप में दिखाया था। ऐसे ही शक्ति सामंत की दो फिल्मों %खून भरी मांग% और %करण अर्जुन% में विधवाओं के संघर्ष को मनोरंजक अंदाज में पेश किया गया।

ऐसी फिल्मों में एक 1975 में आई %शोले% भी थी। इसमें जया बच्चन ने विधवा बहू राधा के किरदार को बेहद संजीदगी से निभाया। अमिताभ ने फिल्म में जय का किरदार निभाया था। राज कपूर बैनर की %प्रेम रोग% इस विषय पर केंद्रित बेहतरीन फिल्म थी। इसमें ॠषि कपूर (देवधर) ने गरीब अनाथ का किरदार निभाया, जिसकी बचपन से पद्मिनी कोल्हापुरी (मनोरमा) से दोस्ती थी। लेकिन, मनोरमा की शादी अमीर लड़के से करवा दी जाती है लेकिन उसके पति का निधन हो जाता है। जेठ ही उसकी इज्जत लूट लेता है। वो पिता के घर लौट आती है।

# पर्दे पर बेमेल जोड़ियों का रोमांस

जब दर्शक सिनेमा के परदे पर बेमेल जोड़ियों के कथानक पर बनी फिल्म देखता है तो ये सोचता भी है कि क्या ऐसा हो सकता है! क्योंकि, कई बार फिल्मों की ऐसी कहानियों को दर्शक पचा नहीं पाते, कनेक्ट नहीं कर पाते। लेकिन, इन्हीं में से कुछ कहानियां पसंद भी की गयी। फिल्मों में दिखाया जाने वाला बेमेल जोड़ियों का रोमांस, वास्तव में समाज का एक रूढ़िवादी विचार है, जिसे तोड़ने की हिम्मत कम ही लोगों ने की। यही वजह है कि बेमेल प्रेम या प्रेम विवाह पर गिनती की फ़िल्में बनी। कुछ फिल्मों ने कम उम्र के पुरुष और अधिक उम्र की महिला के बीच प्रेम संबंधों को बेहद खूबसूरती से दिखाकर तालियां बटोरीं। ऐसी फिल्मों में अमिताभ बच्चन और रेखा से लेकर शाहरुख खान और डिंपल कपाड़िया जैसे कलाकारों ने भी काम किया है।



बेमेल जोड़ी पर बनी फ़िल्में बनाना आसान नहीं। ये फ़िल्में तब ही दर्शकों को प्रभावित करती हैं, जब उनकी कहानी दमदार हो! ऐसी फिल्मों का इतिहास काफी पुराना है। श्वेत श्याम युग में 1937 के दौरान सबसे पहले वी शांताराम ने इस विषय पर हिंदी और मराठी में %दुनिया ना माने% और %कुंकू% नाम से फिल्म बनाई। इसमें बुजुर्ग केशव दाते एक कच्ची उम्र की बच्ची को ब्याह कर ले आता है। इस बेमेल जोड़ी को बच्ची स्वीकार नहीं करती है और खेलकूद में ही व्यस्त रहती है। आखिर में बुजुर्ग को गलती का अहसास होता है, तो वो यह लिखकर आत्महत्या कर लेता है कि वह बच्ची कहीं भी शादी करने के लिए स्वतंत्र है। 1957 में एलवी प्रसाद ने राज कपूर, मीना कुमारी और राज मेहरा को लेकर फिल्म %शारदा% बनाई थी। राज कपूर और मीना कुमारी का प्रेम हैं। उनके पिता विधुर हैं जिनकी एक अपाहिज बेटी भी है। राज कपूर की प्लेन क्रैश में मरने की खबर आती है। पिता घर से अपने बेटे की सारी तस्वीरें हटा लेते हैं। इस बीच मीना कुमारी उनकी अपाहिज बेटी की नर्सिंग के लिए आती है और पसीजकर राज मेहरा से शादी कर लेती है। उधर, हादसे से बचकर राज कपूर वापस लौटा, तो पता चला कि उनकी प्रियतमा अब उनकी मां बन गई। वो यह रिश्ता स्वीकार नहीं करते और शराब पीकर मरणासन्न हो जाते हैं। तब मीनाकुमारी उनकी सेवा कर जान बचाती है। क्लाइमेक्स में राजकपूर उन्हें मां कहकर पुकारते हैं।

इसके बाद 1977 में आई रमेश तलवार की फिल्म %दूसरा आदमी% में भी बेमेल जोड़ी का कथानक बुना गया। यह एक युवा जोड़े और बड़ी उम्र की महिला की विवाहेतर कहानी थी। लीड रोल में ॠषि कपूर और नीतू सिंह साथ अधेड़ महिला की भूमिका राखी ने निभाई थी।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com ,